**प्रेस नोट दिनांक 25.03.2021**

**थाना इज्जतनगर जनपद बरेली।**

**थाना इज्जतनगर #bareillypolice द्वारा शराब तस्कर अभियुक्त को किया गिरफ्तार, कब्जे से 08 पेटी अवैध शराब गोल्डन ग्रीन व्हिस्की (कुल 373 पौवे), 340 रुपये नगद, एक बुलेट मोटरसाईकिल बिना नम्बर बरामद।**

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद बरेली के निर्देशन में जनपद में चलाये जा रहे अवैध शराब रोकथाम व बरामदगी के अभियान के अन्तर्गत श्रीमान पुलिस अधीक्षक नगर एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी नगर तृतीय के कुशल निर्देशन में थाना इज्जतनगर पुलिस उ0नि0 श्री सन्नी चौधरी, का0 466 विशाल सैनी, का0 2668 लख्मीचन्द, का0 2515 नितिन कुमार के द्वारा 112 नम्बर व मुखबिर की सूचना पर मोहल्ला परवानानगर थाना इज्जतनगर पर अभियुक्त राजीव कुमार पुत्र भगवानदास नि0 परवानानगर थाना इज्जतनगर जनपद बरेली के आवास से 08 पेटी गोल्डन ग्रीन व्हिस्की शराब (कुल 373 पौवे) की उत्तर प्रदेश की शराब बताकर लोगों को धोखा देकर बिक्री करते हुए पकड़ा व 340 रुपये नगद व एक मोटरसाईकिल बुलट मोटरसाईकिल बिना नम्बर बरामद हुई। पकड़े गये अभियुक्त राजीव कुमार से उपरोक्त बरामद माल के सम्बन्ध में गहनता से पूछताछ की गयी तो बताया कि उपरोक्त शराब को पवन कुमार नाम के व्यक्ति द्वारा किसी दूसरे स्टेट से लाकर मुझे बेचने के लिए लाकर दी थी। मैं इस पकड़ी गयी शराब को उत्तर प्रदेश की शराब बताकर लोगों को धोखा देकर बेच रहा हूँ। मैं पवन कुमार को बहुत अच्छी तरह से जानता हूँ तथा बरामद मोटर साईकिल के बारें में पूछा तो बताया कि उपरोक्त मोटर साईकिल भी पवन कुमार द्वारा कई महीने पहले मेरे घर पर खड़ी करके गया था। उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 181/2021 धारा 420 आईपीसी व 60 आबकारी अधि0 बनाम राजीव कुमार पुत्र भगवानदास नि0 परवाना नगर थाना इज्जतनगर बरेली व पवन कुमार पुत्र अज्ञात के सम्बन्ध में पंजीकृत कर पकड़े गये अभि0 राजीव कुमार को माननीय न्यायालय में पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**बरामदगीः-**

1. 8 पेटी अवैध शराब गोल्डन ग्रीन व्हिस्की (कुल 373 पौवे)।
2. 340 रुपये नगद ।
3. एक बुलेट मोटरसाईकिल बिना नम्बर।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

**1.** राजीव कुमार पुत्र भगवानदास नि0 परवाना नगर थाना इज्जतनगर बरेली।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. उ0नि0 श्री सन्नी चौधरी थाना इज्जतनगर जनपद बरेली।
2. का0 466 विशाल सैनी थाना इज्जतनगर जनपद बरेली।
3. का0 2668 लख्मीचन्द थाना इज्जतनगर जनपद बरेली।
4. का0 2515 नितिन कुमार थाना इज्जतनगर जनपद बरेली।

**सोशल मीडिया सैल**
**जनपद बरेली।**